मध्यप्रदेश विधान सभा

(चतुर्दश विधान सभा)

शासकीय आश्वासनों संबंधी समिति

का

एकादश प्रतिवेदन

(जुलाई-अगस्त, 2002 सत्र से संबंधित)

(यह प्रतिवेदन 18 मार्च,2016 को सदन में प्रस्तुत.)

विषय सूची

क्रमांक (1)	विषय (2)	पृष्ठ संख्या (3)
1.	**समिति का गठन**	एक
2.	**प्रस्तावना**	दो
3.	**प्रतिवेदन में सम्मिलित विभागवार आश्वासनों की सूची**	तीन
4.	**विभागों के नाम:-**	
	(1) गृह(पुलिस)	1
	(2) राजस्व	2
	(3) लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण	8
	(4) स्कूल शिक्षा	15
	(5) पंचायत एवं ग्रामीण विकास	21
	(6) किसान कल्याण तथा कृषि विकास	24
	(7) नगरीय प्रशासन एवं विकास	27
	(8) ऊर्जा	32
	(9) चिकित्सा शिक्षा	33
	(10) आयुष	34
	(11) आवास एवं पर्यावरण	35
	(12) लोक निर्माण	37
	(13) वन	39
	(14) लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी	43
	(15) आदिम जाति कल्याण	45
	(16) जल संसाधन	47
	(17) उच्च शिक्षा	49
	(18) महिला एवं बाल विकास	50
	(19) वाणिज्यिक कर	51
	(20) मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास	53
	(21) सहकारिता	54
	(22) नर्मदा घाटी विकास	55
	(23) खनिज साधन	56
5.	**(i) परिशिष्ट - 1 (विशेष टिप्पणी)**	57
	(ii) परिशिष्ट - 2 (अनिर्णीत प्रकरण)	58
	(iii) परिशिष्ट - 3 (जुलाई-अगस्त, 2002 सत्र के पूर्व प्रतिवेदनों में सम्मिलित आश्वासनों की सूची)	60

शासकीय आश्वासनों संबंधी समिति का गठन
(वर्ष 2015-16)

<u>सभापति</u>

1. श्री राजेन्द्र पाण्डेय.

<u>सदस्यगण</u>

2. श्री बालकृष्ण पाटीदार
3. श्री लोकेन्द्र सिंह तोमर
4. श्री सूबेदार सिंह रजौधा
5. श्री इन्दर सिंह परमार
6. श्री के.के.श्रीवास्तव
7. चौधरी मुकेश सिंह चतुर्वेदी
8. श्री चन्द्रशेखर देशमुख
9. श्री सुखेन्द्र सिंह बन्ना
10. श्री हरदीप सिंह डंग
11. श्री नीलेश अवस्थी.

<u>विधान सभा सचिवालय</u>

1.	श्री भगवानदेव ईसरानी	. .	प्रमुख सचिव
2.	श्री ए.पी.सिंह	. .	सचिव
3.	श्री जी.के.राजपाल	. .	अपर सचिव
4.	श्री बी.डी.सिंह	. .	उप सचिव
5.	श्री आर.के.गुप्ता	. .	अवर सचिव
6.	श्री सुरेश कुमार त्रिवेदी	. .	अनुभाग अधिकारी
7.	श्री शिवप्रसाद बुन्देला	. .	अनुभाग अधिकारी.

प्रस्तावना

मैं, शासकीय आश्वासनों सम्बन्धी समिति का सभापति, समिति की ओर से प्राधिकृत होकर समिति का एकादश प्रतिवेदन (चतुर्दश विधान सभा) सदन के समक्ष प्रस्तुत करता हूं।

2. यह समिति मध्यप्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियमावली के नियम 224(1) के अन्तर्गत 12 अगस्त 2015 को गठित की गई थी।

3. इस प्रतिवेदन में जुलाई-अगस्त, 2002 सत्र में विधान सभा में मा.मंत्रिगणों द्वारा सदन में दिये गये आश्वासनों को सम्मिलित किया गया है। वर्णित सत्र में मा.मंत्रियों द्वारा शासन के विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 386 आश्वासन, जिनमें से **आश्वासन क्रमांक 386 एवं 388** का विषय एवं स्वरूप एक समान होने के कारण इन आश्वासनों को एकजाई किये जाने के फलस्वरूप कुल 385 आश्वासन दिये गये थे, जिनमें से 290 आश्वासनों का निराकरण द्वादश विधान सभा के विभिन्न प्रतिवेदनों में किया जा चुका है। इस प्रकार शेष 95 आश्वासनों पर शासन द्वारा की गई कार्यवाही का परीक्षण कर विभागीय अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव का मौखिक साक्ष्य लिया गया तथा विचारोपरान्त आश्वासनों को इस एकादश प्रतिवेदन में शामिल करने का निर्णय लिया गया।

4. आश्वासनों की अभिपूर्ति हेतु मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन एवं संसदीय कार्य विभाग द्वारा जारी परिपत्रों का विभागों द्वारा पालन नहीं किये जाने से कई विभागीय आश्वासनों की अभिपूर्ति लगभग 14 वर्ष बाद भी नहीं हो पाई है। संसदीय कार्य नियमावली के अध्याय 8 (आश्वासन) की कण्डिका 8.5(4) अनुसार आश्वासनों के संबंध में आश्वासन पंजी का विभाग द्वारा न तो संधारण किया जा रहा है और न ही पंजी मंत्री जी के अवलोकनार्थ भेजी जा रही है. समिति इस पर अपनी अप्रसन्नता व्यक्त करती है तथा अपेक्षा करती है कि संसदीय कार्य नियमावली का पालन किया जाकर लंबित आश्वासनों को सर्वोच्च प्राथमिकता देकर उनका समय सीमा में निराकरण किया जायेगा।

5. समिति की बैठक दिनांक 17 मार्च, 2016 में इस प्रतिवेदन के प्रारूप पर विचार कर अनुमोदित किया गया।

6. समिति विधान सभा सचिवालय के प्रमुख सचिव/सचिव एवं संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों, विभागीय अपर मुख्य सचिवों, प्रमुख सचिवों एवं सचिवों तथा जिन्होंने समिति के कार्यो में सहयोग प्रदान किया, उन सभी के प्रति आभार व्यक्त करती है।

राजेन्द्र पाण्डेय
सभापति
शासकीय आश्वासनों संबंधी समिति

स्थान :- भोपाल
दिनाक:- 17 मार्च, 2016

प्रतिवेदन में सम्मिलित विभागवार आश्वासनों की सूची

क्र.	विभाग का नाम	आश्वासन क्रमांक
1.	गृह(पुलिस)	10
2.	राजस्व	37, 40, 41, 42, 46, 48, 49, 50, (386+388)
3.	लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण	58, 59, 66, 68, 69, 70, 71, 73, 76, 80, 83, 84, 282
4.	स्कूल शिक्षा	86, 90, 91, 94, 96, 102, 105, 109, 116, 123, 127
5.	पंचायत एवं ग्रामीण विकास	134, 136, 137, 156
6.	किसान कल्याण तथा कृषि विकास	160, 168, 180
7.	नगरीय प्रशासन एवं विकास	140, 184, 186, 193, 195, 197, 198, 203, 205, 207, 372
8.	ऊर्जा	210, 213, 214, 219
9.	चिकित्सा शिक्षा	220
10.	आयुष	221
11.	आवास एवं पर्यावरण	235, 237
12.	लोक निर्माण	261, 262, 266, 267
13.	वन	240, 243, 244, 247
14.	लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी	283, 285, 292, 294, 296, 362
15.	आदिम जाति कल्याण	299, 302, 303, 305
16.	जल संसाधन	309, 314, 315, 316, 318
17.	उच्च शिक्षा	323, 324, 326
18.	महिला एवं बाल विकास	330
19.	वाणिज्यिक कर	334, 335, 336
20.	मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास	337, 340
21.	सहकारिता	347
22.	नर्मदा घाटी विकास	360
23.	खनिज साधन	381

जुलाई-अगस्त, 2002 सत्र
गृह(पुलिस) विभाग

सरल क्र.	आश्वासन क्रमांक	प्रश्न क्रमांक/ प्रश्न संख्या/ दिनांक	आश्वासन का संक्षिप्त विषय	आश्वासन का रूप	शासन द्वारा की गई कार्रवाई	आश्वासन की पूर्ति की तिथि
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1.	10	परि.अता.प्र.सं.33 (क्र.1428) दि. 23.07.2002	बैतूल जिले में फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर पदोन्नति पाने वाले अधिकारी श्री एस.पी.राजपाल के विरूद्ध कार्रवाई ।	रिपोर्ट अप्राप्त है । प्राप्त होने पर एवं श्री राजपाल की जाति सुनिश्चित होने पर पाई गई परिस्थितियों के अनुसार कार्रवाई की जायेगी।	श्री एस.पी.राजपाल, वन क्षेत्रपाल, शिवपुरी के जाति प्रमाण पत्र की तस्दीक हेतु तत्कालीन प्र.आर.349 भीमराव बारस्कर को चिचौली भेजकर सरपंच रमेश धुर्वे तथा प्रधान पाठक पूरनलाल पाल से पूछताछ करने पर श्री एस.पी.राजपाल की जाति गाड़री(पिछड़ा वर्ग) होना बताया । गाड़री समाज पिछड़ा वर्ग में आता है । अनु.जाति वर्ग में नहीं आता है। श्री एस.पी.राजपाल की पदोन्नति के संबंध में वन विभाग बैतूल से जानकारी प्राप्त करने पर वन विभाग कार्यालय द्वारा बताया गया कि श्री एस.पी.राजपाल द्वारा फर्जी जाति प्रमाण पत्र से पदोन्नति बैतूल जिले में प्राप्त नहीं की है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** **5981/05/बी-1/दो, दिनांक 14.07.2005** समिति द्वारा सतत् परीक्षण उपरांत इस सचिवालय के पत्र क्रं.17582/वि.स./आश्वा./2009 दि. 16.09.2009 से लगातार विभाग से निम्नांकित जानकारी चाही गई :- ***श्री एस.पी. राजपाल वनक्षेत्रपाल के फर्जी प्रमाण पत्र के संबंध में अद्यतन स्थिति की जानकारी ।*** **लगातार पत्राचार के बावजूद अद्यतन स्थिति की जानकारी अप्राप्त है ।**	**परिशिष्ट-1 के अनुसार**

जुलाई-अगस्त, 2002 सत्र
राजस्व विभाग

सरल क्र.	आ.क्र.	प्रश्न क्रमांक/ प्रश्न संख्या/ दिनांक	आश्वासन का संक्षिप्त विषय	आश्वासन का रूप	शासन द्वारा की गई कार्रवाई	आश्वासन की पूर्ति की तिथि
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
2.	37	ता.प्र.सं.17 (क्र.850) दि.22.07.2002	(1) शहडोल जिले की तहसील जैतहरी के ग्राम कोसगाई में भूमिहीनों को पट्टा न देकर अपात्र लोगों को पट्टा दिये जाने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई। (2) अपात्र लोगों को दिए गए पट्टे निरस्त कर आदिवासियों को दिए जाना।	समूचे प्रकरण की जांच कलेक्टर शहडोल द्वारा की जा रही है, अगर गलती पाई गई तो उनके पट्टे निरस्त कर दिए जायेंगे। जैसे ही कलेक्टर के निष्कर्ष आ जाएंगे तत्काल कार्रवाई करेंगे। अगर अवैध तरीके से पट्टे दिए गये है तो निरस्त कर दिए जायेंगे तथा जिला अधिकारियों ने गलत काम किए हैं तो उनके खिलाफ सख्ती से एक्शन लिया जाएगा।	वर्ष 2002 में जैतहरी तहसील जिला शहडोल के अंतर्गत रहा है। पश्चात् में यह तहसील अनूपपुर जिले के अंतर्गत आती है। कलेक्टर अनूपपुर के प्रतिवेदन अनुसार तहसील जैतहरी में ग्राम कोसगाई नाम को कोई ग्राम नहीं है तथा तहसील जैतहरी अंतर्गत कभी पूर्व में भी इस नाम का कोई ग्राम नहीं रहा है। अत: ग्राम कोसगाई के भूमिहीनों को पट्टा दिये जाने का प्रश्न ही उत्पन्न नहीं होता है। **विभागीय पत्र क्रमांक :- एफ 20/293/2013/सात/2ए, दिनांक 31.11.2013**	कोई टिप्पणी नहीं.
3.	40	परि.अता.प्र.सं.25 (क्र.118) दि.22.07.2002	जिला रायसेन के देहगांव से बम्होरी तक मार्ग निर्माण हेतु कृषकों की अधिग्रहीत भूमि के मुआवजे का भुगतान किया जाना।	प्रकरण में विधिवत् कार्रवाई कर अवार्ड पारित करने के उपरांत कृषकों को भू-अर्जन का मुआवजा भुगतान किया जाएगा।	कलेक्टर जिला रायसेन से प्राप्त जानकारी अनुसार देहगांव बम्हौरी मार्ग निर्माण के अंतर्गत जिन कृषकों की निजी भूमि अर्जन में आई थी, उन समस्त कृषकों को भूमि का मुआवजा राशि का भुगतान वर्ष 2009 की स्थिति में ही किया जा चुका है। वर्तमान में किसी भी कृषक को मुआवजा राशि का भुगतान किया जाना शेष नहीं है। **विभागीय पत्र क्रमांक :- एफ 3/ग्राभूप्र-आश्वा/2015/6663, दिनांक 16.11.2015**	कोई टिप्पणी नहीं.

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
4.	41	अता.प्र.सं.18 (क्र.656) दि.22.07.2002	विदिशा जिले में कस्टोडियन की भूमि पर अवैध कब्जाधारियों के विरूद्ध कार्रवाई किया जाना।	कस्टोडियन भूमि पर अवैध कब्जाधारियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई प्रचलित है।	विदिशा जिले के कस्टोडियन की भूमि पर अवैध कब्जाधारियों के विरूद्ध की गई कार्रवाई का तहसीलवार विवरण निम्नवत् है:- **<u>तहसील - विदिशा</u>** ग्राम जीवाजीपुर में कस्टोडियन भूमि का रकबा 6.758 हेक्ट. है, जिस पर 04 व्यक्तियों का भूमि स्वामी स्वत्व में कब्जा अंकित है। उक्त भूमि के स्वत्व के संबंध में तहसील न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है। **<u>तहसील - त्योंदा</u>** तहसील बासोदा की नवीन तहसील त्योंदा में कस्टोडियन की कुल भूमि किता 11 रकबा 11.883 हेक्ट. पर 12 व्यक्तियों का अवैध कब्जा अंकित है। जिसके संबंध में वाद व्यवहार न्यायालय में विचाराधीन है। **<u>तहसील - सिरोंज</u>** कस्टोडियन की भूमि कुल किता 174 रकबा 167.914 हेक्ट. है, जिस पर 181 व्यक्तियों का अवैध कब्जा है। 17 ग्रामों में स्थित उक्त भूमि के संबंध में प्रकरण न्यायालयीन, नामांतरण की कार्रवाई प्रचलित है, शेष प्रकरणों में कन्वेस्टीड जारी की गई। **<u>तहसील - ग्यारसपुर</u>** ग्राम मुंगवारा में कस्टोडियन की भूमि कुल किता 40 रकबा 110.859 हेक्ट. भूमि है, उक्त भूमि वर्ष 2008-09 हेतु नीलामी के लिये नियत है। **<u>तहसील - लटेरी</u>** कस्टोडियन की भूमि कुल किता 38 रकबा 42.660 हेक्ट. पर 37 व्यक्तियों का कब्जा था, जिन्हें उक्त भूमि से बेदखल किया गया है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** **एफ 20/143/2009/सात/2ए,** **दिनांक 21.02.2001** समिति द्वारा सतत् परीक्षण उपरांत इस सचिवालय के पत्र क्रं. 11941/वि.स./आश्वा./2011 दि. 25.05.2011 के द्वारा विभाग से निम्नांकित जानकारी चाही गई :- ***1. इस मामले पर कार्रवाई किन-किन राजस्व अधिकारियों से अपेक्षित थी उनके नाम व कार्यकाल बताऐं?*** ***2. क्या किसी दोषी पर शासन या जिला प्रशासन ने कार्रवाई की है?*** ***3. कब तक मामले का निपटारा संभावित है कि अद्यतन जानकारी।*** **लगातार पत्राचार के बावजूद अद्यतन स्थिति की जानकारी अप्राप्त है।**	परिशिष्ट - 1 के अनुसार.

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
5.	42	अता.प्र.सं.42 (क्र.1135) दि. 22.07.2002	जिला रायसेन के देहगांव से बम्होरी तक मार्ग निर्माण में अधिग्रहित की गई कृषकों की भूमि के मुआवजे का भुगतान।	अवार्ड पारित करने के उपरांत ही प्रभावित कृषकों को मुआवजा भुगतान किया जाएगा।	देहगांव बम्होरी मार्ग निर्माण अंतर्गत जिन कृषकों की निजी भूमि अर्जन की गई थी उन समस्त कृषकों को मुआवजा राशि का भुगतान किया जा चुका है अब कोई भी कृषक मुआवजा राशि भुगतान हेतु शेष नहीं है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** **आर-2178/एफ-20/2009/सात-2ए, दि.13.10.2009**	कोई टिप्पणी नहीं.
6.	46	ता.प्र.सं.10 (क्र.2165) दि.29.07.2002	श्योपुर जिले में सर्वे क्र. 744 एवं 745 से अवैध कब्जा हटाया जाना।	अवैध कब्जेधारियों के विरूद्ध कार्रवाई प्रचलित है।	न्यायालय कलेक्टर श्योपुर के प्रकरण क्र. 347/01-02/बी 121 में आदेश दि.23.03.05 से सर्वे क्रमांक 744/1 रकबा 11 विस्वा एवं 745/1 रकबा 13 विस्वा कुल 2 बीघा 5 विस्वा के अतिक्रामिक रकबा की एवज में इसी भूमि से लगे हुये भूमिस्वामियों के निजी भूमि सर्वे क्रमांक 743/2 का रकबा 2 बीघा 5 विस्वा रिक्त भूमि को शासकीय घोषित कर अदला बदली किये जाने से कोई कब्जा धारी अवैध नहीं रह गया। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** **3122/4655/2008/सात/शा-2A, दिनांक 06.02.2008**	कोई टिप्पणी नहीं.
7.	48	ता.प्र.सं.10 (क्र.3758) दि. 05.08.2002	दमोह जिले के पथरिया विधान सभा क्षेत्र में पट्टेधारियों को कब्जा दिलाया जाना। 2. पट्टा वितरण की गलत जानकारी देने वाले अधिकारियों के विरूद्ध जांच की समयावधि।	जो पट्टे रह गये हैं एक महिने के अंदर उन सारे के सारे पट्टों का कब्जा करा दिया जायेगा। 2. आप चाहेंगे तो यहां से किसी वरिष्ठ अधिकारी को भेजकर सारे प्रकरण की जांच करा लेंगे। 3. 15 दिन में करवा लेंगे।	पथरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत समस्त आने वाले ग्रामों के पट्टेधारियों को कब्जा दिलाया जा चुका है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** **एफ 20-290/2000/सात/2ए, दिनांक 26.12.2009**	कोई टिप्पणी नहीं.

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
8.	49	परि.अता.प्र.सं.18 (क्र.2058) दि.05.08.2002	ग्राम सेजी तह.अशोकनगर में भूमि बंटन में हुई अनियमितता की जांच एवं दोषी अधिकारी के विरूद्ध कार्रवाई।	भूमि वितरण में की गई अनियमितता की जांच तत्काल वरिष्ठ अधिकारी से करवाने एवं दोषी अधिकारी के विरूद्ध कार्रवाई करने हेतु आयुक्त ग्वालियर संभाग को निर्देशित किया गया है।	(1) भूमि बंटन प्रकरण से संबंधित पटवारी श्री सुखवीर सिंह रघुवंशी को एस.डी.ओ. द्वारा निलंबित कर अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई। (2) नायब तहसीलदार श्री जे.पी.टुण्डेले के विरूद्ध आयुक्त, ग्वालियर संभाग द्वारा विभागीय जांच संस्थित कर आगामी कार्रवाई की जा रही है। (3) भूमि बंटन प्रकरण ग्राम तेजी को न्यायालय में पुनरीक्षण में लिया जाकर न्यायालयीन कार्रवाई प्रचलित है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** **एफ 20-260/2002/सात/ सा 2ए, दिनांक 10.03.2003** समिति ने विभागीय जानकारी के परिक्षणोपरांत इस सचिवालय के पत्र क्रमांक 18459/वि.स./आश्वा./2007, दिनांक 20.08.2007 एवं 14516/वि.स./आश्वा./2009, दिनांक 25.07.2009 द्वारा निम्नांकित अद्यतन जानकारी चाही :- ***(1) श्री जे.पी.टुण्डेले, नायब तहसीलदार के विरूद्ध जांच में आज दिनांक तक क्या कार्यवाही की गई।*** ***(2) भूमि बंटन प्रकरण में न्यायालयीन कार्यवाही का आज तक क्या निर्णय हुआ? पूर्ण जानकारी।*** लगातार पत्राचार के बावजूद आज दिनांक जानकारी अप्राप्त है।	परिशिष्ट - 1 के अनुसार

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
9.	50	परि.अता.प्र.सं.50 (क्र.3244) दि.05.08.2002	जिला सीधी तहसील देवसर सर्किल धोहनी अंतर्गत नायब तहसीलदार द्वारा कृषकों से अधिक जुर्माना वसूलने की जांच एवं दोषी के विरूद्ध कार्रवाई।	जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने पर तथा दोषी पाये जाने पर संबंधित नायब तहसीलदार के विरूद्ध कार्रवाई की जावेगी।	श्री एम.के.गुप्ता, नायब तहसीलदार के विरूद्ध विभागीय जांच संस्थापित की जाकर, आरोप पत्र अभियोग विवरण पत्र, साक्ष्य सूची एवं अभिलेख सूची श्री गुप्ता नायब तहसीलदार चितरंगी पूर्व तहसील देवसर को दिनांक 09.12.2002 को उपलब्ध कराई जा चुकी है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** **एफ 17-18/2002/सात-5, दिनांक 17.01.2003** समिति ने विभागीय जानकारी के परीक्षणोपरांत इस सचिवालय के पत्र क्रमांक 22852/वि.स./आश्वा./2005, दिनांक 13.10.2005 द्वारा पूर्ण/अद्यतन जानकारी चाही। **तत्पश्चात् विभागीय जानकारी के अनुसार** - श्री एस.के.गुप्ता तत्कालीन नायब तहसीलदार देवसर के विरूद्ध विभागीय जांच प्रचलित है। विभागीय जांच प्रकरण अभियोजन साक्ष्य हेतु नियत है। अभी अभियोजन साक्ष्य पूर्ण नहीं हुए है। **विभागीय पत्र क्रमांक -** **17-18/2002/7-5, दिनांक 27.09.2005** समिति ने विभागीय जानकारी के परीक्षणोपरांत इस सचिवालय के पत्र क्रमांक 9004/वि.स./आश्वा./2006, दिनांक 16.03.2006 द्वारा अद्यतन जानकारी चाही गई। **तत्पश्चात् विभागीय जानकारी के अनुसार** - श्री एम.के.गुप्ता, तत्कालीन नायब तहसीलदार देवसर के विरूद्ध संस्थापित विभागीय जांच प्रकरण आयुक्त रीवा संभाग रीवा के आदेश क्रमांक 403/वि.जा./04, दिनांक 21.12.04 द्वारा सामान्य चेतावनी के साथ निराकृत किया जाकर समाप्त कर दिया गया है। **विभागीय पत्र क्रमांक -** **एफ 17-18/2002/सात/शा-5, दिनांक 17.10.2006**	कोई टिप्पणी नहीं.

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
10.	386 + 388	अता.प्र.सं.01 (क्र.288) दि.29.07.2002	जिला कटनी तहसील विजयराघवगढ़ स्थित मे.घनराम इंजीनियर एवं कंडेक्टर द्वारा डायवर्सन शुल्क जमा न करने वाली दोषी फर्म के विरूद्ध कार्रवाई।	जमा कराने की कार्रवाई की जा रही है।	विजयराघवगढ़ तहसील के ग्राम खजुरा की भूमि ख.नं.481 रकबा 0.75 हेक्टर का पुन: निर्धारण मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 59(2)(3) के तहत किया गया था। जिस पर औद्योगिक/व्यवसायिक उपयोग हेतु वार्षिक भू-राजस्व रूपये 12467/- पंचायत उपकर रू.6234/- तथा प्रीमियम 11396/- आरोपित किया गया। अनुविभागीय अधिकारी विजयराघवगढ़ द्वारा पारित आदेश से असंतुष्ट हो कर फर्म द्वारा न्यायालय कलेक्टर, कटनी में अपील प्रस्तुत की गई है। 02 अपीली प्रकरण में कार्रवाई चल रही है। निर्णय उपरांत कार्रवाई की जा सकेगी। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** **एफ-21-15/04/सात/शा-6, दिनांक 18.03.2004** समिति द्वारा सतत् परीक्षण उपरांत इस सचिवालय के पत्र क्रं.14515/वि.स./आश्वा./2009 दि. 25.07.2009 के द्वारा विभाग से निम्नांकित जानकारी चाही गई :- ***फर्म द्वारा न्यायालय में जो अपील की गई थी उन दो प्रकरणों में जो कार्रवाई चल रही थी आज दिनांक तक क्या निर्णय हुआ कि अद्यतन जानकारी।*** लगातार पत्राचार के बावजूद अद्यतन स्थिति की जानकारी अप्राप्त है।	परिशिष्ट - 1 के अनुसार.

जुलाई-अगस्त, 2002 सत्र
लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग

सरल क्र.	आ.क्र.	प्रश्न क्रमांक/ प्रश्न संख्या/ दिनांक	आश्वासन का संक्षिप्त विषय	आश्वासन का रूप	शासन द्वारा की गई कार्रवाई	आश्वासन की पूर्ति की तिथि
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
11.	58	अता.प्र.सं.09 (क्र.240) दि. 18.07.2002	रेडक्रास के प्रतीक चिन्ह "लाल रंग का धन का चिन्ह" का दुरूपयोग करने के संबंध में कार्रवाई।	जी हां नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।	उत्तर अप्राप्त	परिशिष्ट - 1 के अनुसार.
12.	59	ता.प्र.सं.10 (क्र.1829) दि. 25.07.2002	जिला चिकित्सालय बैतूल में रेडियोग्राफर की नियुक्ति की जाना।	पदोन्नति पर न्यायालय का स्थगन है और जैसे ही स्थगन समाप्त होगा हम पदोन्नति करेंगे।	जिला चिकित्सालय बैतूल में रेडियोग्राफर की पदपूर्ति हो चुकी है। जिले के अन्य रिक्त संस्थाओं में पद पूर्ति बैकलाग के पदों पर विशेष भर्ती अभियान के तहत 02 अ.ज.जा. उम्मीदवार के करने की कार्रवाई पूर्ण हो चुकी है। नियुक्ति आदेश शीघ्र जारी किये जायेंगे। शेष पद जो कि अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित है, संविदा के आधार पर नियुक्ति संबंधी कार्रवाई की जारी है। **विभागीय पत्र क्रमांक :- एफ-16-199/05/सत्रह/मेडि-1, दिनांक 24.11.2005** समिति ने विभागीय जानकारी के परिक्षणोपरांत इस सचिवालय के पत्र क्रमांक 1674/वि.स./आश्वा./2006, दिनांक 18.01.2006, 15726/वि.स./आश्वा./2007, दिनांक 20.07.2007 एवं 17583/वि.स./आश्वा./2009, दिनांक 16.09.2009 द्वारा अतिरिक्त/पूर्ण जानकारी चाही गई थी। तत्पश्चात् समिति ने इस सचिवालय के पत्र क्रमांक 12981/वि.स./आश्वा./2010, दिनांक 02.07.2010, 22849/वि.स./आश्वा./2012, दिनांक 21.11.2012 एवं 10693/वि.स./आश्वा./2013, दिनांक 04.05.2013 द्वारा निम्नांकित अद्यतन जानकारी चाही :- ***अभी तक जो भी कार्यवाही की गई है। समिति को यथाशीघ्र अवगत करायें।*** लगातार पत्राचार के बावजूद भी आज दिनांक तक जानकारी अप्राप्त है।	कोई टिप्पणी नहीं.
13.	66	अता.प्र.सं.87 (क्र.2295) दि. 25.07.2002	जिला दतिया में सिविल सर्जन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के कर्मचारियों के गुमशुदा कटोत्रे की जानकारी भेजी जाना।	अधीनस्थ कार्यालयों से जानकारी प्राप्त होने पर महालेखाकार को भेजी जावेगी।	वर्ष 2001 से जून, 2002 तक 10 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए है। श्री डी.पी.द्विवेदी सहित समस्त कर्मचारी जिनके गुमशुदा कटोत्रे थे, को महालेखाकार, म.प्र.ग्वालियर को भेज दिये गये है। **विभागीय पत्र क्रमांक :- 1208/2559/2009/सत्रह/मेडि-1, दिनांक 09.04.2010**	कोई टिप्पणी नहीं.

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
14.	68	परि.अता.प्र.सं.54 (क्र.3130) दि. 01.08.2002	सीहोर जिले के इछावर वि.स.क्षेत्र के सामुदायिक एवं प्राथमिक उपस्वास्थ्य केन्द्रों में रिक्त पदों की पूर्ति किया जाना।	रिक्त पदों की पूर्ति के प्रयास किए जा रहे है।	सीहोर जिले के इछावर विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत दो सा.स्वा.केन्द्र एवं तीन प्रा.स्वा.केन्द्र संचालित हैं । सा.स्वा.केन्द्र, इछावर में एक पद शिशुरोग विशेषज्ञ का एवं एक पद स्त्रीरोग विशेषज्ञ का, सा.स्वा.केन्द्र बिलकीसगंज में एक पद मेडिकल विशेषज्ञ का एवं एक पद शिशुरोग विशेषज्ञ का स्वीकृत होकर रिक्त है। सा.स्वा.केन्द्र, इछावर में डॉ. राधेश्याम वर्मा, पी.जी.एम.ओ. शिशुरोग 26.05.87 से डॉ.भारतभूषण शर्मा, दिनांक 09.10.90 से डॉ.मधुबाला शर्मा दि.25.01.2001 से डॉ.अनिल ग्वालियरकर पी.जी.एम.ओ., ई.एन.टी. वर्ष 03 से एवं शासन आदेश दिनांक 10 फरवरी 2004 द्वारा डॉ.प्रफुल्ल हेडाउ को सा.स्वा.केन्द्रबिलकीसगंज, संचालनालय द्वारा वर्ष 2003 में संविदा नियुक्ति के तहत बिलकीसगंज में पदस्थ किया गया । सा.स्वा.केन्द्र, बिलकीसगंज में डॉ.नितिन पटेल, एम.डी.रेडियोलॉजी दिनांक 10.03.2003 से कार्यरत हैं । इछावर विधान सभा के प्रा.स्वा.केन्द्र में शासन द्वारा रिक्त पदों के विरूद्ध सभी पद भरे हुए हे । विशेषज्ञों के पदों पर विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसा पर शासन द्वारा पदोन्नति की कार्रवाई प्रचलन में है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** **2204/5509/2009/सत्रह/मेडि-एक, दि 19.05.2010**	कोई टिप्पणी नहीं.
15.	69	परि.अता.प्र.सं.84 (क्र.3408) दि. 01.08.2002	सेठ गोविन्ददास (विक्टोरिया) चिकित्सालय, जबलपुर में किये गये ऑडिट में राशि कम पाये जाने पर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई।	नियमानुसार कार्रवाई की जावेगी।	वर्ष 1995-96 से जून 2002 तक रोगी कल्याण समिति का कार्य करने वाले संबंधित/कर्मचारियों से रू.413918/- के वसूली हेतु सिविल सर्जन, जबलपुर को संचालनालय के पत्र क्रमांक रो.क.स/07/157, दि.11.09.07 द्वारा आदेशित किया जा चुका है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** **2569/2009/सत्रह/मेडि-1, दिनांक 11.06.2009** समिति ने विभागीय जानकारी के परिक्षणोपरांत इस सचिवालय के पत्र क्रमांक 12981/वि.स./आश्वा./2010, दिनांक 02.07.2010, 22849/वि.स./आश्वा./2012, दिनांक 21.11.2012 एवं 10693/वि.स./आश्वा./2013, दिनांक 04.05.2013 द्वारा निम्नांकित अद्यतन जानकारी चाही :- ***वसूली की अद्यतन स्थिति से आज दिनांक तक की कार्यवाही से समिति को अवगत करायें।*** लगातार पत्राचार किये जाने के बावजूद आज दिनांक तक जानकारी अप्राप्त है।	**परिशिष्ट-1 के अनुसार**

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
16.	70	परि.अता.प्र.सं.69 (क्र.3453) दि.01.08.2002	इंदौर जिले में सहायक शल्य चिकित्सक/चिकित्सा विशेषज्ञों के रिक्त पदों की पूर्ति की जाना।	प्रतिबंध हटने पर आवश्यक कार्रवाई की जावेगी।	आवश्यकतानुसार चिकित्सकों/ विशेषज्ञों के पदों की पूर्ति की गई है । लेकिन शतप्रतिशत पदों की पूर्ति की जाना संभव नहीं है क्योंकि प्रदेश में चिकित्सकों/विशेषज्ञों की कमी है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** 2451/4209/2008/सत्रह/मेडि-1, दिनांक 13.08.08	कोई टिप्पणी नहीं.
17.	71	परि.अता.प्र.सं.05 (क्र.1262) दि.01.08.2005	जिला शहडोल में पदस्थ चिकित्सक डॉ.राजेन्द्र सिंह द्वारा प्रायवेट प्रेक्टिस करने एवं राजनैतिक गतिविधियों में भाग लेने की जांच।	माननीय अध्यक्ष महोदय के निर्देश पर, डॉ.राजेन्द्र सिंह द्वारा शहडोल में निजी अस्पताल संचालित कर प्रायवेट प्रेक्टिस करने तथा शासकीय अस्पताल में उपस्थिति की, जांच किया जाना।	विषयांकित आश्वासन में डॉ.राजेन्द्र सिंह, तत्कालीन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला शहडोल के विरूद्ध जिला शहडोल में पदस्थी, दौरान कर्तव्यों के प्रति लापरवाही एवं वित्तीय अनियमितताओं के परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर, जिला शहडोल ने उनके पत्र क्र. 44/शि./03/ 1788, दिनांक 24.12.2003 द्वारा डॉ.राजेन्द्र सिंह के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई हेतु शासन को लिखा गया। कलेक्टर, जिला शहडोल द्वारा शासन को भेजे गये उपरोक्त पत्र के अनुक्रम में शासन द्वारा उनके पत्र क्रमांक एफ 13-13/2007/सत्रह/मेडि-1, दिनांक 28.12.2007 द्वारा डॉ.राजेन्द्र सिंह,तत्कालीन सी.एम.ओ. जिला शहडोल को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया एवं शासन द्वारा उनके पत्र क्रमांक एफ 13-14/2007/सत्रह/मेडि-1, दिनांक 10.03.2008 द्वारा लेख किया गया कि डॉ.राजेन्द्र सिंह ने विभाग द्वारा जारी कारण बताओ नोटिस पर लिखित उत्तर प्रस्तुत नहीं करने के कारण डॉ.राजेन्द्र सिंह के विरूद्ध मध्यप्रदेश सिविल सेवा(वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम -1966 के नियम 14 के अंतर्गत विभागीय जांच संस्थित करने की कार्रवाई प्रचलन में है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** **3689/561/2010/सत्रह/मेडि-एक,** **दिनांक 28.05.2010** समिति द्वारा सतत् परीक्षण उपरांत इस सचिवालय के पत्र क्रं. 22850/वि.स./आश्वा./2012 दि. 02.11.2012 के द्वारा विभाग से निम्नांकित जानकारी चाही गई :- ***1. जिला अध्यक्ष द्वारा प्रस्ताव 2003 में भेजा गया जिस पर डॉ. राजेन्द्र सिंह को कारण बताओ नोटिस 2007 में जारी किया गया इसी प्रकार वर्ष 2008 में नोटिस का उत्तर ना देने के कारण विभागीय जांच की कार्रवाई प्रस्तावित है प्रकरण में हुये असाधारण विलंब के कारणों पर टीप।*** ***2. आश्वासन वर्ष 2002 का है। अद्यतन जानकारी।*** लगातार पत्राचार के बावजूद अद्यतन स्थिति की जानकारी अप्राप्त है।	परिशिष्ट - 1 के अनुसार.

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
18.	73	ध्यानाकर्षण सूचना दि.05.08.2002	1. श्योपुर जिले के वीरपुर स्वास्थ्य केन्द्र अंतर्गत मजरा एवं पीपरसिज ग्राम में उपचार के अभाव में बच्चों की मौत होने की जांच एवं डॉ. के विरूद्ध कार्रवाई। 2. अनुसूचित जाति के बालक/ बालिकाओं की अकाल मृत्यु के कारण मुआवजे का भुगतान किया जाना।	1. सचिव स्तर के अधिकारियों को वहां पर भेजकर इस पूरे प्रकरण की जांच करायेंगे। 2. हम इसे जिलाधीश को लिखेंगे नियमानुसार जो भी होगा कार्रवाई उसमें मुआवजे की होगी वह दी जायेगी।	उत्तर अप्राप्त	परिशिष्ट - 1 के अनुसार.

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
19.	76	अता.प्र.सं.32 (क्र.5607) दि. 08.08.2002	जिला चिकित्सालय भिण्ड में दवाई क्रय करने में हुई अनियमितताओं की जांच तथा दोषी अधिकारी/कर्मचारी के विरूद्ध कार्रवाई।	जांच के परिणाम प्राप्त होने पर जांच में दोषी अधिकारी/कर्मचारी के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जावेगी।	प्रकरण में अपर संचालक वित्त द्वारा जांच पूर्ण कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया। प्राप्त प्रतिवेदन में दोषी अधिकारी/कर्मचारी डॉ.एस.एल.शर्मा, तत्कालीन सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला भिण्ड को दवाई क्रय करने में हुई अनियमितता के कारण संचालनालय के पत्र क्रमांक 4/शिका./सेल 2/भिण्ड/2009/2307, दिनांक 28.09.2006 द्वारा एवं डॉ.राकेश शर्मा, स्टोर अधिकारी कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला भिण्ड को पत्र क्रमाक 2304, दिनांक 07.09.2006 द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। डॉ.एस.एल.शर्मा द्वारा जारी कारण बताओ नोटिस का प्रतिवाद उत्तर दिनांक 21.01.2009 को प्रस्तुत किया। डॉ.शर्मा द्वारा अपने प्रतिवाद उत्तर में लेख किया है कि उन्हें दिनांक 21.03.2002 को रूपये 08 लाख का आवंटन प्राप्त हुआ था। दिनांक 21, 22, 23 मार्च 2002 को लघु उद्योग निगम प्रशासकीय उपक्रमांक का क्रय आदेश प्रसारित किये गये। सामग्री क्रय करने के लिये जिला योजना समिति ने कलेक्टर से पूर्व अनुमति से सामग्री क्रय आदेश दिये गये थे। जिला योजना समिति से दिनांक 28.03.2002 को कार्योत्तर अनुमोदन प्राप्त किया था। क्रय में प्रतिबंध की अवधि में क्रय करने से बजट से रूपये 21,826/- अधिक व्यय हुआ। डॉ.एस.एल.शर्मा, तत्कालीन अधीक्षक, जिला भिण्ड वर्तमान में दिनांक 30.04.2002 को सेवानिवृत्त हो चुके है। यह क्रय वर्ष 2002 का है। अत: इसी कमी के आधार पर उनके विरूद्ध किसी भी प्रकार की अनुशासनात्मक कार्रवाई का कोई आधार नहीं पाते हुए संचालनालय के आदेश क्रमांक 4/शिका./सेल.2/भिण्ड/2009/1302, दिनांक 20.05.2009 द्वारा प्रकरण बिना शास्ति अधिरोपित करते हुए प्रकरण समाप्त किया गया। प्रकरण में दोषी डॉ.राकेश शर्मा, स्टोर अधिकारी कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला भिण्ड का प्रतिवाद उत्तर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला भिण्ड के माध्यम से दिनांक 20.10.2008 को प्राप्त हुआ। डॉ.राकेश शर्मा, द्वारा प्रस्तुत प्रतिवाद उत्तर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला भिण्ड से प्राप्त अभिमत का परीक्षणोपरांत समाधानकारक पाये जाने के कारण संचालनालय के आदेश क्रमांक 4/शिका./सेल.2/2008/2935, दिनांक 12.12.2008 द्वारा डॉ.राकेश शर्मा, स्टोर अधिकारी के विरूद्ध प्रस्तावित दण्ड को बिना शास्ति अधिरोपित करते हुए समाप्त किया गया। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** **405/4847/2009/सत्रह/मेडि-1, दिनांक 13.02.2010**	कोई टिप्पणी नहीं.

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
20.	80	अता.प्र.सं.87 (क्र.4428) दि. 08.08.2002	बालाघाट जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों में रिक्त पदों की पूर्ति।	रिक्त पदों को यथा सम्भव शीघ्र भरा जावेगा।	बालाघाट जिले में वर्ष अगस्त, 2002 से सितम्बर 06 तक 13 चिकित्सा अधिकारियों को एवं सहायक सांख्यिकी अधिकारी का 01, लेखापाल का 02, बीईई-02, सहायक ग्रेड-2, के 02, सहायक ग्रेड-3 के 04, सुपरवाईजर के 19, पुरूष स्वास्थ्य कार्यकर्ता 16, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के 48, स्टुवर्ड का 01 एवं संगणक के 03 पद की पूर्ति/अनुकंपा नियुक्ति संविदा आधार पर की गई है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** **एफ-16-05/2007/सत्रह/मेडि-1, दिनांक 24.01.2007**	कोई टिप्पणी नहीं.
21.	83	अता.प्र.सं.62 (क्र.4266) दि.08.08.2002	रायसेन जिले के स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ चिकित्सकों द्वारा एवं नियमित ड्यूटी तथा मुख्यालय पर न रहने वालों के विरूद्ध कार्रवाई।	नियमानुसार कार्रवाई की जावेगी।	मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, रायसेन द्वारा दिनांक 10.06.2005 को उपलब्ध कराई गई जानकारी के आधार पर कोई भी चिकित्सक शहरी क्षेत्र/सामु.स्वा.के./ प्रा.स्वा.के. एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निजी चिकित्सालय नहीं चला रहे हैं। प्राप्त जानकारी के आधार पर निम्न तीन चिकित्सक डॉ.श्रीमती मीना अग्रवाल, डॉ.कुलवंत सिंह एवं डॉ.अखिलेश कुमार भारती अगस्त 2002 के पूर्व से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित थे, इनके विरूद्ध संचालनालय द्वारा विभागीय जांच हेतु आरोप पत्र जारी किये गये थे। विभागीय जांच में संबंधित चिकित्सकों पर लगाये गये आरोप सिद्ध पाये गये थे। फलस्वरूप शासन द्वारा तीनों चिकित्सकों को म.प्र.सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के अंतर्गत दिनांक 28.09.2004 को सेवा से पृथक कर दिया गया है। डॉ.संजय नंदेश्वर, डॉ.श्रीमती अल्पसंजय नंदेश्वर दिनांक 21.10.2002 से अनाधिकृत अनुपस्थित होने के कारण इनके विरूद्ध भी सेवा से पदच्युति का अनुशासनिक मामला विचाराधीन है। **प्रकरण में लोक सेवा आयोग का अभिमत मांगा गया है। तत्पश्चात् अग्रिम कार्रवाई की जावेगी।** **विभागीय पत्र क्रमांक :-** **एफ 16-196/2005/17/मेडि-1, दि.27.10.2005** समिति द्वारा सतत् परीक्षण उपरांत इस सचिवालय के पत्र क्रं.22849/वि.स./ आश्वा./2012 दि. 21.11.2012 के द्वारा विभाग से निम्नांकित जानकारी चाही गई :- ***विभागीय जांच की आज दिनांक की कार्रवाई से समिति अवगत होना चाहेगी।*** लगातार पत्राचार के बावजूद अद्यतन स्थिति की जानकारी अप्राप्त है।	परिशिष्ट - 1 के अनुसार.

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
22.	84	ध्यानाकर्षण सूचना दि. 09.08.2002	डॉ.विनायक मिश्रा शल्य क्रिया विशेषज्ञ रीवा को उनके लंबित वेतन का भुगतान किये जाने की अवधि।	निश्चित ही उस पर नियमानुसार अनुसार कार्रवाई की जायेगी। 1. वह इन सब चीजों की जांच करा देंगे जांच प्रतिवेदन देखने के बाद निश्चित रूप से मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि वे जांच शीघ्रातिशीघ्र करेंगे जांच प्रतिवेदन देखने के बाद यदि उनकी पात्रता आती है तो हम उसके पेमेन्ट करेंगे। 2. ज्यों ही जांच का प्रतिवेदन प्राप्त होगा। 3. यदि उन्होंने काम किया है तो वेतन मिलेगा 15 दिन में। 4. मैंने जांच का आश्वासन दिया है।	मध्यप्रदेश शासन, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के आदेश क्रमांक 965/2002/17/मेडि-1, दि. 26.03.2002 द्वारा डॉ.विनायक मिश्रा शल्य क्रिया विशेषज्ञ रीवा का वेतन अस्थाई रूप से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सिरमौर, जिला रीवा में रिक्त शल्य क्रिया विशेषज्ञ के रिक्त पद से आहरित करने की स्वीकृति मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रीवा को प्रदान की गई है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** **एफ-16/258/2007/सत्रह/मेडि-1, दिनांक 19.11.2007**	कोई टिप्पणी नहीं.
23.	282	परि.अता.प्र.सं.17 (क्र.475) दि. 18.07.2002	डॉ.टी.एन.छत्तानी, नेत्र रोग विशेषज्ञ, जबलपुर के विरूद्ध शिकायत की जांच कर सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक के पद से पृथक किया जाना।	जांच में दोषी पाये जाने पर	डॉ.टी.एन.छत्तानी, नेत्र रोग विशेषज्ञ प्रभारी सिविल सर्जन, जबलपुर के विरूद्ध मध्यप्रदेश शासन के पत्र क्र. एफ-12-22/02/17/मेडि-1, दिनांक 26.10.2002 द्वारा आरोप पत्रादि जारी कर विभागीय जांच संस्थित की गई। जांच का प्रक्रिया के दौरान दिनांक 11.05.05 को डॉ.छत्तानी का निधन हो गया है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** **एफ-16/262/2006/सत्रह/मेडि-1, दिनांक 16.01.2007**	कोई टिप्पणी नहीं.

जुलाई-अगस्त, 2002 सत्र
स्कूल शिक्षा विभाग

सरल क्र.	आ.क्र.	प्रश्न क्रमांक/ प्रश्न संख्या/ दिनांक	आश्वासन का संक्षिप्त विषय	आश्वासन का रूप	शासन द्वारा की गई कार्रवाई	आश्वासन की पूर्ति की तिथि
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
24.	86	ता.प्र.सं.02 (क्र.702) दि.19.07.2002	जिला शिक्षा अधिकारी भिण्ड के अधीन सहायक शिक्षकों को द्वितीय क्रमोन्नति का लाभ दिया जाना।	1. परीक्षणाधीन है, यथासमय शीघ्र। 2. जी.ए.डी. से शीघ्र निराकरण हो जायेगा। जो प्रस्ताव मैंने बताये हैं उनको द्वितीय क्रमोन्नति मिल जायेगी। 3. यथाशीघ्र हो जायेगा।	द्वितीय क्रमोन्नति हेतु सहायक शिक्षकों की डी.पी.सी. हो चुकी है। मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक 1477/2796/1/3/5, दिनांक 03.09.05 के द्वारा द्वितीय क्रमोन्नति का लाभ दिनांक 01.08.2003 से दिया गया है तथा जिला भिण्ड में आज तक सभी पात्र शिक्षकों को क्रमोन्नति का लाभ दिया जा चुका है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** **946/637/2010/20-1, दिनांक 29.05.2010**	कोई टिप्पणी नहीं.
25.	90	ता.प्र.सं.15 (क्र.973) दि.19.07.2002	टीकमगढ़ जिले में अशासकीय शिक्षा संस्थाओं में छात्रवृत्ति वितरण में अनियमितता की जांच।	(1) निश्चित रूप से इसका परीक्षण कराकर एक समय सीमा में जांच करा दूंगा। (2) जिला कलेक्टर से जांच करा लेंगे।	जिला संयोजक आ.जा.क्र. विभाग टीकमगढ़ के पत्र क्र. 1860, दि.19.10.05 के द्वारा लेख किया गया है कि वर्ष 2001-02 में अशासकीय शिक्षण संस्था में शतप्रतिशत छात्रवृत्ति के वितरण का मासिक सत्यापन विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं कार्यालय के कार्यपालिक अधिकारियों द्वारा कराया गया था, जिसमें एक भी फर्जी छात्रवृत्ति का प्रकरण नहीं पाया गया है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** **एफ-30-88/20-3/200, दिनांक 22.10.2009**	कोई टिप्पणी नहीं.

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
26.	91	ता.प्र.सं.24 (क्र.1043) दि. 19.07.2002	संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा प्रायवेट विद्यालयों को प्राचार्य द्वारा दिये गये अनुभव प्रमाण पत्रों की जांच।	प्रतिवेदन प्राप्त होते ही नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।	वर्ष 1994 में सीधी भर्ती द्वारा चयनित 17 प्राचार्यो के प्रकरण में अपेक्षित पूर्तियां (अनुभव प्रमाण पत्र सत्यापित होना) नहीं पाया गया था। प्रारंभिक जांच परीक्षण उपरांत 04 प्राचार्यो की बीएड/एम.एड.अवधि के शिक्षण अनुभव को मान्य किया गया है। 02 प्राचार्यो की विभागीय जांच प्रारंभ की गई इनमें से एक प्रकरण में न्यायालयीन स्टे होने से कार्रवाई लंबित है। शेष 11 प्रकरणों में शासन निर्णयानुसार स्थल जांच की कार्रवाई की गई। दस प्रकरणों में स्थल जांचकर्ता अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर 05 प्राचार्यो के वांछित अनुभव की पुष्टि होती है। 05 प्राचार्यो के वांछित अनुभव की पुष्टि नहीं हुई। इनमें से चार प्राचार्य वर्तमान में छत्तीसगढ़ संवर्ग में है। अत: इनके विरूद्ध कार्रवाई के लिए छत्तीसगढ़ शासन को प्रतिवेदित किया गया है। शेष एक प्राचार्य के विरूद्ध विभागीय जांच संस्थित की गई है। एक प्राचार्य श्री सत्येन्द्र कुमार त्रिपाठी से संबंधित जांच प्रतिवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। यह जांच शीघ्र पूर्ण कर कार्रवाई की जाएगी। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** **30-259/20-2/2005, दिनांक 19.06.2006** समिति द्वारा सतत् परीक्षण उपरांत इस सचिवालय के पत्र क्रं. 13967/वि.स./आश्वा./2008 दि. 12.06.2008 के द्वारा विभाग से निम्नांकित जानकारी चाही गई :- ***एक प्राचार्य श्री सतेन्द्र कुमार त्रिपाठी का जांच प्रतिवेदन की अद्यतन जानकारी।*** लगातार पत्राचार के बावजूद अद्यतन स्थिति की जानकारी अप्राप्त है।	परिशिष्ट - 1 के अनुसार.
27.	94	परि.अता.प्र.सं.35 (क्र.773) दि.19.07.2002	श्योपुर विकास खण्ड की प्रायमरी पूरक परीक्षा के रिकार्ड में हेरा फेरी की शिकायत की जांच एवं संबंधितों के विरूद्ध कार्रवाई।	श्री के.एन.शुक्ला, तत्कालीन विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी दोषी है, नियमानुसार कार्रवाई प्रचलन में है।	आयुक्त चंबल संभाग मुरैना के यहां जांच प्रचलित है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** **एफ 30-76/2002/20-4,** **दिनांक 10.06.2005** समिति ने विभागीय जानकारी के परीक्षणोपरांत इस सचिवालय के पत्र क्रमांक 15912/वि.स./आश्वा./2007, दिनांक 23.07.2007 द्वारा निम्नांकित अद्यतन जानकारी चाही :- ***जांच की अद्यतन स्थिति?*** आयुक्त चंबल संभाग मुरैना के यहां जांच प्रचलित है। **विभागीय पत्र क्रमांक -** **एफ-30-76-2002-20-4, दिनांक 19.06.2008** लगातार पत्राचार के बावजूद भी आज दिनांक तक जानकारी अप्राप्त है।	परिशिष्ट - 1 के अनुसार

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
28.	96	अता.प्र.सं.21 (क्र.512) दि.19.07.2002	प्रदेश के शिक्षकों को ओ.बी.बी. योजना अंतर्गत एरियर्स का भुगतान किया जाना।	अन्य जिलों के लिए परीक्षण किया जा रहा है।	लोक शिक्षण संचालनालय के जारी ज्ञाप दिनांक 21.07.2004 के अनुसार ओ.बी.बी. योजनान्तर्गत जिन सहायक शिक्षकों की परिवीक्षा अवधि पांचवें वेतनमान के लागू होने के दिनांक 01.01.1996 के पूर्व समाप्त हुई है उन्हें परिवीक्षा समाप्ति उपरांत तत्समय प्रचलित सहायक शिक्षक का वेतनमान 1200-2040 का एवं जिन सहायक शिक्षकों की परीवीक्षा अवधि दिनांक 01.01.1996 के अथवा उसके बाद पूरी हुई है उन्हें परिवीक्षा पूरी होने के उपरांत तत्स्थानी वेतनमान 4000-6000 का लाभ दिया गया है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** **आर क्र. 759/1171/2015/20-2, दिनांक 23.05.2015**	कोई टिप्पणी नहीं.
29.	102	ता.प्र.सं.11 (क्र.2077) दि.26.07.2002	जिला शिक्षा अधिकारी बालाघाट के कार्यालय में अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों का निराकरण किया जाना।	नियुक्ति संबंधी कार्रवाई प्रचलित है।	प्रश्नांकित अवधि के लंबित 23 अनुकंपा नियुक्ति प्रकरणों में कार्रवाई पूर्ण करते हुए अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की गई। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** **1942/2012/20-1, दिनांक 15.10.2012**	कोई टिप्पणी नहीं.
30.	105	अता.प्र.सं.30 (क्र.1479) दि.26.07.2002	अशासकीय उ.मा.वि.मझगवां के कर्मचारियों का संविलियन किया जाना।	(1) जिनका परीक्षण किया जा रहा है। (2) कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। (3) जांच प्रतिवेदन का परीक्षण किया जाकर समुचित कार्रवाई की जा रही है।	अशासकीय उ.मा.वि. मझगवां जिला रीवा में कार्यरत कर्मचारियों के संविलियन के संबंध में अनुरोध है कि मा.उच्च न्यायालय, जबलपुर के निर्णय के परिप्रेक्ष्य में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रीवा के आदेश दिनांक 14.05.2012 को श्री दिनेश पटेल का संविलियन शिक्षाकर्मी वर्ग-1 राजनीति शास्त्र में किया जाकर दिनांक 01.04.2007 से वेतनमान रूपये 5000-175-8500 पर वरिष्ठ अध्यापक के पद पर संविलियन किया गया है। जबकि शेष अन्य कर्मचारियों द्वारा मा.न्यायालय, जबलपुर से स्थगन प्राप्त है। वेकेट हेतु जवाब प्रस्तुत किया गया है तथा निर्णय अपेक्षित है, निर्णय उपरांत ही कार्रवाई किया जाना संभव होगा। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** **411/483/2014/20-3, दिनांक 24.05.2014**	**परिशिष्ट-1 के अनुसार**

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
31.	109	अता.प्र.सं.01 (क्र.101) दि. 26.07.2002	व्यावसायिक शिक्षान्तर्गत व्याख्याताओं की त्रुटि पूर्ण नियुक्तियों पर कार्रवाई की जाना।	शासन स्तर पर विचाराधीन।	वर्ष 1999 में 17 व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में तो नियुक्तियों की गई थी, उन्हें शासन के पत्र क्रमांक एफ 57-9/99/20-2, दिनांक 31.05.2004 के क्रम में संचालनालय द्वारा कार्यरत सभी व्याख्याताओं को सेवा समाप्त करने हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए है। न्यायालयीन निर्णयों के परिप्रेक्ष्य में मामला वर्तमान में विभाग में परीक्षणाधीन है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** **1592/1659/20-2/2005, दिनांक 13.05.2005** समिति द्वारा सतत् परीक्षण उपरांत इस सचिवालय के पत्र क्रं.13967/वि.स./आश्वा./2008 दि. 12.06.2008 के द्वारा विभाग से निम्नांकित जानकारी चाही गई :- ***1. न्यायालयीन निर्णय क्या है।*** ***2. मामले में निर्णय की अद्यतन स्थिति।*** लगातार पत्राचार के बावजूद अद्यतन स्थिति की जानकारी अप्राप्त है।	परिशिष्ट - 1 के अनुसार

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
32.	116	अता.प्र.सं.21 (क्र.2155) दि. 02.08.2002	जनसमस्या निवारण वनखेड़ी शिविर में सहायक शिक्षकों को वेतनवृद्धि का लाभ दिया जाना।	परीक्षण उपरांत लाभ दिया जायेगा।	शिविर में श्री भवानी प्रसाद सराठे प्र.पा.(से.नि.) का दो वेतनवृद्धि के प्रकरण पर कोष लेखा द्वारा उठाई गई आपत्तियों का निराकरण कर प्रकरण दिनांक 09.05.2005 को संयुक्त संचालक कोष लेखा म.प्र.भोपाल की ओर प्रेषित किया गया है। अनुमोदन उपरांत भुगतान की कार्यवाही की जावेगी। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** **एफ 30-67/2005/20-4, दिनांक 10.06.2005** समिति ने विभागीय जानकारी के परिक्षणोपरांत इस सचिवालय के पत्र क्रमांक 22405/वि.स./आश्वा./2005, दिनांक 06.10.2005 द्वारा पूर्ण/अद्यतन जानकारी चाही गई थी। इसके पश्चात् समिति ने इस सचिवालय के पत्र क्र. 15912/वि.स./आश्वा./2007, दिनांक 23.07.2007, 13967/वि.स./आश्वा./2008, दिनांक 12.06.2008 एवं 18744/वि.स./आश्वा./09, दिनांक 09.10.2009 द्वारा निम्नांकित अद्यतन जानकारी चाही गई :- ***श्री भवानी प्रसाद सराठे सेवा निवृत्त के वेतन वृद्धियों के संबंध में क्या कार्यवाही की गई।*** श्री भवानी प्रसाद सराठे, प्रधानपाठक(से.नि.) को मेट्रिक पास शिक्षित होने पर दो वेतनवृद्धि का लाभ मूल आदेश के अभाव में कोष एवं लेखा द्वारा अनुमोदित नहीं किया गया था। पुन: प्रकरण विभाग के आदेश क्रमांक 8471/7573/ 20-1/71, दिनांक 15.12.71 के परिपालन में जो कि प्रशिक्षित शिक्षकों को दो अग्रिम वेतनवृद्धि दिये जाने से संबंधित था का उल्लेख करते हुये विकासखंड शिक्षा अधिकारी वनखेड़ी की ओर से उनके पत्र क्रमांक -17, दिनांक 14.01.10 के द्वारा संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा म.प्र.भोपाल को वेतन निर्धारण अनुमोदन हेतु सेवा अभिलेख सहित प्रकरण प्रस्तुत किया गया है। संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा म.प्र.भोपाल का अनुमोदन प्राप्त कर शीघ्र भुगतान की कार्रवाई की जा रही है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** **1600/आर-1607/2012/20-1, दिनांक 06.08.2012**	कोई टिप्पणी नहीं.

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
33.	123	परि.अता.प्र.सं.53 (क्र.4139) दि. 09.08.2002	जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, सागर के प्राचार्य द्वारा की गई अनियमितताओं की जांच एवं कार्रवाई की जाना।	यदि सर्व शिक्षा अभियान के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त होती है तो नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।	- तत्कालीन प्राचार्य डाइट श्री एल.एन.द्विवेदी स्वर्गवासी हो चुके है। - वर्तमान में श्री आर.एस.राजपूर प्रभारी प्राचार्य कार्यरत है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** **एफ-30-164/2008/20-1, दिनांक 01.10.2008**	कोई टिप्पणी नहीं.
34.	127	ध्यानाकर्षण सूचना दि. 09.08.2002	जिला शिक्षा अधिकारी दतिया द्वारा शासन के नीति निर्देशों के विरूद्ध कार्य करने अंकसूची में हेराफेरी करने एवं अन्य अनियमितता की जांच एवं कार्रवाई।	1. इसे भी कम्प्यूटराईज करके समय पर वितरित कराने का आश्वस्त करता हूं। जहां तक जिला शिक्षा अधिकारी को हटाने का प्रश्न है फिलहाल हटाउंगा नहीं लेकिन एक वरिष्ठ अधिकारी से जांच जरूर करा लूंगा। इसके बाद दोषी पाए जाने पर कार्रवाई करवा दूंगा। 2. वरिष्ठ अधिकारियों से जांच करा दूंगा। 3. समय सीमा तो सितंबर तक है। 4. जांच के बाद यदि दोषी पाया जाएगा तो उसकों हटाएंगे भी। 5. करा देंगे, आयुक्त से करा देंगे।	डॉ.ए.के.शर्मा, तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी, दतिया के विरूद्ध ज्ञाप क्रमांक सत/बी/101/02/304, दिनांक 18.02.2003 द्वारा म.प्र.सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 16 के अंतर्गत दो वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने का नोटिस दिया गया है। विभागीय आदेश दिनांक 23.04.2004 द्वारा डॉ.ए.के.शर्मा की सेवाए उनके मूल विभाग(उच्च शिक्षा विभाग) वापस कर दी गई है। उनके विरूद्ध कार्रवाई हेतु दिनांक 19.01.2010 द्वारा समस्त नोटिस का जांच प्रतिवेदन उच्च शिक्षा विभाग को भेज दिए गए है। कार्रवाई अब उच्च शिक्षा विभाग द्वारा ही की जाना है। **विभागीय पत्र क्रमांक :-** **एफ 30-11/2005/20-4,** **दिनांक 19.01.2010** समिति द्वारा सतत् परीक्षण उपरांत इस सचिवालय के पत्र क्रं. 13035/वि.स./आश्वा./2010 दि. 03.07.2010 के द्वारा विभाग से निम्नांकित जानकारी चाही गई :- ***उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संबंधितों के विरूद्ध क्या कार्रवाई की गई उनके परिणामों से समिति अवगत होना चाहेगी अद्यतन जानकारी।*** **लगातार पत्राचार के बावजूद अद्यतन स्थिति की जानकारी अप्राप्त है।**	परिशिष्ट - 1 के अनुसार.

जुलाई-अगस्त, 2002 सत्र
पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग

सरल क्र.	आ.क्र.	प्रश्न क्रमांक/ प्रश्न संख्या/ दिनांक	आश्वासन का संक्षिप्त विषय	आश्वासन का रूप	शासन द्वारा की गई कार्रवाई	आश्वासन की पूर्ति की तिथि
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
35.	134	ता.प्र.सं.04 (क्र.657) दि.23.07.2002	(1) विदिशा जिले के ग्राम गुरारिया ग्राम पंचायत के अंतर्गत ग्राम ठर्र की अपूर्ण योजना भुगतान के अभाव में बंद योजना को शुरू कराया जाना। (2) ग्राम ठर्र में टंकी निर्माण का कार्य पूर्ण किया जाना। (3) ग्राम ठर्र में टंकी निर्माण का कार्य अधूरा होने की जांच।	(1) जैसे ही भुगतान करेंगे वे चालू कर देगें। (2) राशि दे दी गई है और हम पंचायत से अनुरोध करेगें कि उसे जल्दी पूर्ण कर दें। (3) यदि टंकी का काम अधूरा है तो उसे पूरा करा दूंगा।	ग्राम ठर्र, विकासखंड विदिशा की नलजल योजनान्तर्गत आर.सी.सी. ओव्हरहैंड टैंक 6500 लीटर ऊंचाई 12 मीटर का निर्माण पूर्ण है। योजना ग्राम पंचायत को हस्तांतरित है एवं ग्राम में टंकी के माध्यम से जल प्रदाय जारी है। **विभागीय पत्र क्रमांक :- एफ 10-239/2002/22/पं-1, दिनांक 21.05.2004**	कोई टिप्पणी नहीं.
36.	136	ता.प्र.सं.23 (क्र.1724) दि. 23.07.2002	सीहोर जिले के ग्राम जिले पंचायत गऊखेड़ी में अपात्र व्यक्तियों को कुटीर का वितरण करने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई।	दोषी पाये जाने पर विधिवत् कार्रवाई संभव है।	न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी इछावर, जिला सीहोर द्वारा प्रकरण क्र. 02/अ-89/01-02 के द्वारा सरपंच को धारा 40 के प्रावधानों के अंतर्गत सरपंच पद से पृथक किया गया तथा न्यायालय कलेक्टर सीहोर द्वारा प्रकरण क्र. 34/अपील/01-02, दिनांक 27.09.2002 में पारित आदेश द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व इछावर के आदेश को निरस्त किया गया। उपरोक्त के अलावा कोई भी अधिकारी कर्मचारी दोषी नहीं पाया गया। **विभागीय पत्र क्रमांक :- 2098/22/वि7/ग्राआ./वि.स./2012, दि.17.02.2012**	कोई टिप्पणी नहीं.
37.	137	परि.अता.प्र.सं.34 (क्र.1429) दि. 23.07.2002	शिवपुरी जिले के स्टापडेम पड़ौदा एवं पहाड़ा में निर्माण कार्यो में की गई अनियमितताओं में दोषी अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई।	कार्रवाई प्रचलन में है।	दोषी के विरूद्ध आरोप पत्र जारी किये जाकर विभाग के आदेश क्रमांक 3273/654/22/वि-3/ग्रायासे, दिनांक 03.10.02 द्वारा विभागीय जांच संस्थित। **विभागीय पत्र क्रमांक :- 1552/22/वि-3/ग्रायांसे/2005, दिनांक 02.04.2005** समिति द्वारा सतत् परीक्षण उपरांत इस सचिवालय के पत्र क्रं.22287/वि.स./आश्वा./2012 दि.16.11.2012 के द्वारा विभाग से निम्नांकित जानकारी चाही गई :- ***प्रकरण की अद्यतन स्थिति।*** लगातार पत्राचार के बावजूद अद्यतन स्थिति की जानकारी अप्राप्त है।	परिशिष्ट - 1 के अनुसार.

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
